भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2387

उत्तर देने की तारीख 13.03.2025

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम

2387. श्री हरीभाई पटेल:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में सूक्ष्म और लघु उद्योगों को बढ़ावा देने और विकसित करने में राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी) की भूमिका क्या है और ऐसे उद्यमों को सहायता देने के लिए क्या प्रमुख पहल की गई है;

(ख) विशेष रूप से महेसाणा संसदीय क्षेत्र में ऐसे कितने सूक्ष्म और लघु उद्योग हैं जिन्हें उक्त पहलों/योजनाओं से लाभ मिला है;

(ग) एनएसआईसी द्वारा अपनी विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत एमएसएमई को दी गई वित्तीय और तकनीकी सहायता तथा एमसएमई विकास और स्थिरता पर इन योजनाओं का क्या प्रभाव है;

(घ) एनएसआईसी द्वारा मार्च 2025 तक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एमएसएमई के लिए बाजार पहुंच को मजबूत करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) क्या देश में एमएसएमई की क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मकता को और बढ़ाने के लिए एनएसआईसी के अंतर्गत की भविष्य की योजना या कार्यक्रम है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) से (ग): सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के अंतर्गत एक सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआईसी) एमएसएमई को विपणन, प्रौद्योगिकी तक पहुंच, ऋण और अन्य सहायक सेवाओं जैसे कि सामग्री की खरीद और एमएसएमई को आपूर्ति के लिए थोक निर्माताओं के साथ व्यवस्था करके कच्चे माल की आवश्यकता को पूरा करना, कच्चे माल की खरीद के लिए ऋण सहायता, निविदा और कंसोर्टिया विपणन और एमएसएमई को तकनीकी सहायता और अपनी एकल बिंदु पंजीकरण स्कीम (एसपीआरएस) के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का पंजीकरण के लिए एकीकृत सहायता प्रदान करता है।

एनएसआईसी द्वारा अपनी प्रमुख स्कीमों के अंतर्गत एमएसएमई को प्रदान की गई वित्तीय एवं तकनीकी सहायता का ब्यौरा निम्नानुसार है:

	वित्तीय वर्ष 2023-24	वित्तीय वर्ष 2024-25 (दिसंबर 2025 तक)
कच्चे माल का वितरण (मात्रा मीट्रिक टन में)	3,65,168	2,60,350
कच्चा माल सहायता (करोड़ रुपए में)	7,586.35	5,410.85
बिल डिस्काउंटिंग (करोड़ रुपए में)	40.56	29.90
एकल बिंदु पंजीकरण स्कीम (इकाइयों की संख्या)	7393	4878
कौशल विकास (प्रशिक्षुओं की संख्या)	66,765	47,838
सामान्य सुविधा सेवाएँ (इकाइयों की संख्या)	15,891	12,790
एमएसएमई ग्लोबल मार्ट वेब पोर्टल (www.msmemart.com) में नामांकन (इकाइयों की संख्या)	10,340	4552

गुजरात के मेहसाणा संसदीय क्षेत्र में 334 इकाइयों ने एनएसआईसी की स्कीमों के अंतर्गत लाभ उठाया है।

(घ) एवं (ङ): बाजार संपर्क हेतु एमएसएमई को सहायता प्रदान करने के लिए, एनएसआईसी ने दृश्यता और खोज के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करने हेतु www.msmemart.com नामक एक वैश्विक बिजनेस टू बिजनेस (बी2बी) पोर्टल बनाया है, जिससे उनके व्यापार इंटरफेस को सुविधाजनक बनाया जा सके। एमएसएमई ग्लोबल मार्ट पोर्टल की प्रमुख विशेषताओं में मिनटों में एमएसएमई इकाइयों की डिजिटल उपस्थिति, एमएसएमई उत्पादों और सेवाओं का 24x7 प्रदर्शन, कीवर्ड आधारित असीमित निविदा अलर्ट, अनुबंध पुरस्कार (एओसी) सूचना, पूछताछ / उद्धरण के लिए अनुरोध (आरएफक्यू), फ्रेंचाइज, उप-अनुबंध और वितरण के अवसर, आईसीटी डिजिटल समाधानों पर विशेष प्रस्ताव, सरकारी स्कीम के त्वरित लिंक, आयोजन और प्रदर्शनियों और व्यापार लीड्स (खरीद / बिक्री) की जानकारी शामिल है। इसके अलावा, एमएसएमई की क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए, एनएसआईसी ने "व्यापार सक्षमता और विपणन" (टीम) नामक एक केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम का कार्यान्वयन किया है, जो ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों के अंतर्गत उन्हें सहायता प्रदान करके एमएसएमई के डिजिटल बाजार से जुड़ने की परिकल्पना करता है।

****